बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०
Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.
(बिहार सरकार का उपक्रम)

पत्रांक–..	पता–परियोजना निदेशक, बॉकीपुर अंचल क्षेत्र का कार्यालय सैदपुर एस.टी.पी(मैला टंकी), पटना–800004
दिनांक–..	**E-mail: - pdsiu4buidco@gmail.com**

"आदेश"

मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजनान्तर्गत वार्ड संख्या–36 में लालजी टोली रिंकू किराना से देवी स्थान होते हुए भरत लाल जी के आवास तक भूगर्भ नाला एवं पी0सी0सी0 निर्माण कार्य योजना के कार्यान्वयन हेतु संवेदक Om Sai Enterprises Pro.-Yugeshwar Nath Dubey West Lohanipur,Upadhyay Lane Dubey Niketan, Kadankuan, Patna- Patna-800003 के साथ दिनांक– 19.07.2025 को एकरारनामा सम्पादित किया गया, जिसकी एकरारित राशि रूपये 2747048.00 है। एकरारनामा के अनुसार उक्त कार्य छः माह तक अर्थात् दिनांक–18.01.2026 तक पूर्ण किया जाना था।आपको कार्य में अपेक्षित प्रगति के साथ–साथ, आपके द्वारा उक्त कार्य को सुनियोजित तरीके से एवं कार्य योजना तैयार कर शुरू किये जाने हेतु अनेक बार निदेशित किया गया था, परंतु आपके द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के सड़क को क्षतिग्रस्त एवं Excavate कर छोड़ दिया गया है। जिसके कारण आम जन मानस को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है एवं काफी शिकायतें प्राप्त है। साथ हीं आपको कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से यह निदेश दिया गया था कि योजना अंतर्गत नाला निर्माण का कार्य शुरू करने से पहले अभियंता के मौजूदगी में लेवल मार्किंग कराकर आउटफॉल से कार्य प्रारंभ किया जाए एवं डिस्मेंटलिंग का कार्य उतना हीं किया जाए जितनी दूरी में आपके द्वारा कार्य दो से तीन दिनों में पूर्ण किया जा सके, परंतु इसका अनुपालन आपके द्वारा नहीं किया गया जिससे उक्त पथ की स्थिति काफी खराब हो गई है। आपके द्वारा निर्माण के दौरान कई जगह पाईप लाईन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिससे आम जनमानस द्वारा काफी नाराजगी व्यक्त की गई है, फलस्वरूप बुडको की छवि धूमील हो रही है जो काफी खेद का विषय है। इस संबंध में वरीय पदाधिकारियों द्वारा अनेकों बार असंतोष व्यक्त किया गया है।

आपको इस कार्यालय के पत्रांक–100, दिनांक–16.02.2026 के माध्यम से निदेश दिया गया था कि पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाना था, परंतु इसका संज्ञान आपके द्वारा नहीं लिया गया। आज भी रोड की स्थिति यथावत् बनी हुई है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में Om Sai Enterprises Pro.-Yugeshwar Nath Dubey West Lohanipur,Upadhyay Lane Dubey Niketan, Kadankuan, Patna- Patna-800003 को वार्ड संख्या–36 में लालजी टोली रिंकू किराना से देवी स्थान होते हुए भरत लाल जी के आवास तक भूगर्भ नाला

1668
20/02/26

Scanned with OKEN Scanner

एवं पी0सी0सी0 निर्माण कार्य योजना के एकरारनामा के उल्लंघन एवं कार्य में लापरवाही, अकर्मण्यता एवं स्वेच्छाचारिता तथा एकरारनामा के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक के आलोक में एकरारनामा के सुसंगत प्रावधानों तथा पथ निर्माण विभाग के आदेश ज्ञापांक–प्र0 6/द0वि0 नियम 03–03/2004–2131(S), दिनांक–13.03.2019 के तहत आपके फर्म को डीबार किया जाता है।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
बॉकीपुर अंचल क्षेत्र,
बुडको, पटना।

ज्ञापांक– 107 दिनांक– 18/02/2026

प्रतिलिपि –

1. प्रबंध निदेशक, बुडको, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
2. मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक(द0) बुडको, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
3. प्रबंधक(सूचना एवं तकनीकी), बुडको, पटना को बुडको के वेबसाईट पर प्रचारित करने हेतु समर्पित।
4. Om Sai Enterprises Pro.-Yugeshwar Nath Dubey West Lohanipur,Upadhyay Lane Dubey Niketan, Kadankuan, Patna- Patna-800003 को सूचनार्थ प्रेषित।

18/02/2026.
परियोजना निदेशक,
बुडको, पटना पश्चिमी।

Scanned with OKEN Scanner